२१५

## मुख्य समारोह स्थल पर जिला प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

# जिलेभरे में उत्साहपूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

स्वतंत्रता दिवस समारोह रतलाम में देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा.राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईडा, श्रीमती संगीता चारेल, के.के.सिंह कालूखेडा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया, इसके पश्चात मार्च पास्ट हुआ। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।

## इस्लामिया ए हिन्द कमेटी ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रतलाम।** सामाजिक संस्था इस्लामिया ए हिन्द कमेटी द्वारा मोमिनपुरा चौराहे पर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से कमेटी अध्यक्ष इका बेलुत के नेतृत्व में मनाया गया। इसमें सिविल सर्जन डॉ आनंद चन्देलकर, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह ,वरिष्ठ पत्रकार आरिफ कुरैशी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा राष्ट्रगान किया। तत्पश्चात शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को भी उड़ाया गया। इसमें कांग्रेस नेत्री यास्मीन शेरानी, शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, वरिष्ठ पार्षद मुबारिक खान, वहीद शेरानी, नजमा बेलूत, विजयलक्ष्मी राठौड, अरुण राव, बालमुकुंद चावडा, हितेश पेमात, शहजाद खान, सुदीप पटेल, परवेज निखार, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष जाहिद मंसूरी, कमलेश मोदी, सुशील मेहता, रशीद मंसूरी, वाहिद खान, जोएब आरिफ, राशिद अंसारी, अजजल नेता, संजय बाफना आदि साथी गण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत में हुआ ध्वजारोहण



**रतलाम।** कलेक्ट्रेट रतलाम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम एल आर्य, अभिषेक गहलोत समस्त डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं कर्मचारी मौजूद थे । जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अतिरिक्त सीईओ विनीता लोढ़ा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद थे। आरडीए कार्यालय पर एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े ने ध्वजारोहण किया। इ

राज एक्सप्रेस 17/8/21

# कलेक्टर का पूरा फोकस तीसरी लहर पर... मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में बच्चों के लिए बेड तैयार



रतलाम | कोरोना की दूसरी लहर खत्म होने के बाद अब तीसरी लहर से निपटने की तैयारी हो गई है। प्रशासन ने मरीजों को ऑक्सीजन, इंजेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए सभी इंतजाम कर लिए हैं। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट तैयार है, निजी प्लांट से भी सप्लाई हो सकती है लेकिन सबसे बड़ी चिंता है कि इस बार कोरोना बच्चों को भी प्रभावित कर सकता है, ऐसे में प्रशासन का पूरा फोकस बच्चों पर ही है। मेडिकल कॉलेज में बच्चों के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है। इस वार्ड में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने भी हैं, वहीं बच्चों के माता-पिता भी उनके साथ रह सके इसके लिए भी इंतजाम किए हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम इसपर विशेष जोर दे रहे हैं। मेडिकल कॉलेज रतलाम जिले में तीसरी लहर को कंट्रोल करने के लिए मजबूत माध्यम साबित होगा।

दे.भास्कर 17/8/21

**साक्षात्कार** • कोरोना की दूसरी लहर में बेड, ऑक्सीजन, इंजेक्शन की व्यवस्था को सुधारने और टीकाकरण कराने के लिए ऐसे की व्यवस्था

# ज्वाइनिंग के पहले दिन ही फैसले लेने थे क्योंकि शहर मुसीबत में था

**जीवनदायी फैसला: मेडिकल कॉलेज से संक्रमितों को नहीं लौटाने का फरमान दे दिया जबकि बेड नहीं थे, ट्राएज एरिया के बाहर भी भर्ती किए मरीज**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की दूसरी लहर यानी साल 2021 के अप्रैल और मई माह सबसे बुरे रहे। दूसरी लहर में संक्रमण की



चपेट में आए अपने परिवार के लोगों रिश्तेदारों और मित्रों की हमें फिक्र थी लेकिन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को पूरे जिले की फिक्र थी। जब कोरोना पीक पर था उस वक्त उनका शहर में आगमन हुआ था। उन्होंने जिले के प्रत्येक मरीज के लिए व्यवस्था जुटाई। ऑक्सीजन, रेमेडेसिविर, बेड और टीकाकरण के लिए इंतजाम कैसे किए, जानिए... **विशेष इंटरव्यू में**

**Q दूसरी लहर की पीक में आप आए, इसे समझने में कितना समय लगा?**

- बिल्कुल, जब में आया था तब पीक चल रहा था। लेकिन हमें नहीं पता था ये पीक है यानी केस कितने और बढ़ेंगे कोई नहीं कह सकता था। तत्काल एक्शन लेना था। हमने वही किया।

**Q किसी भी मरीज को मेडिकल कॉलेज से नहीं लौटाने का फैसला आसान नहीं था?**

- हां आप सही है। रतलाम में बेड की मारामारी थी। मेडिकल कॉलेज फुल था, डीन सहित स्टाफ से चर्चा की। तय हुआ कि बेड बढ़ाएंगे, लेकिन मरीज को यहां से बिना इलाज के लौटने नहीं देंगे। मरीज के परिजन बहुत उम्मीद से आ रहे थे। हमने ट्राएज एरिया में भी बेड बढ़ा दिए।

**Q ऑक्सीजन की डिमांड बढ़ी तो उसे पूरा करने के लिए क्या किया?**

- ऑक्सीजन हमारी लिस्ट में पहले नंबर पर थी। जब तक ऑक्सीजन टैंकर मेडिकल कॉलेज में नहीं पहुंचता था, नींद नहीं आती थी। हालांकि बैकअप के लिए सिलेंडर की व्यवस्था भी थी लेकिन, राहत टैंकर से ही मिलती थी।

**Q अचानक ब्लैक फंगस आया, इसके इलाज के लिए क्या इंतजाम किए?**

- कोविड के दौरान ही ब्लैक फंगस के मामले भी आए। हालांकि प्रदेश में केस आ रहे थे तभी हम सचेत हो गए थे। मेडिकल कॉलेज में इसके लिए स्पेशल ओपीडी की शुरुआत की। हमारी कोशिश थी कि मरीज को पहली स्टेज पर ही ठीक कर दें। इसमें हम सफल भी रहे।

**Q निजी अस्पतालों ने दाम बढ़ाए इस पर कंट्रोल कैसे किया?**

- शहर के सभी निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक ली थी, उन्हें स्पष्ट कर दिया था कि जो दाम तय है उससे ज्यादा नहीं लिए जाएंगे। सभी की रेटलिस्ट शेयर भी कर दी थी ताकि भ्रम ना रहे।

**Q मेडिकल कॉलेज का लोड कम करने के लिए क्या किया।**

- यह सबसे महत्वपूर्ण था। हमने पता किया मेडिकल कॉलेज में ग्रामीण के मरीज ज्यादा थे। कारण ये था कि उन्हें गांव के आसपास इलाज नहीं मिला इसलिए यहां आए। हमने सभी जगह कोविड सेंटर शुरू किए। नतीजा ये रहा कि कॉलेज धीरे-धीरे खाली होने लगा। गांव के आसपास ही मरीजों को इलाज मिलने लगा।

**Q ग्रामीण में कोविड सेंटर खोले जा रहे हैं?**

- तीसरी लहर से निपटने के लिए हमने इसे प्राथमिकता में रखा है। हर गांव के आसपास 5-5 ऑक्सीजन बेड का इंतजाम कर रहे हैं। ताकि मरीज को शहर तक नहीं आना पड़े। यहां सिर्फ गंभीर मरीज रहेंगे।

**Q वैक्सीनेशन 100 प्रतिशत के करीब है, इतनी जल्दी आपने ये कैसे किया?**

- जी हां, तीसरी लहर से हमें वैक्सीनेशन ही बचाएगा इसलिए इस पर जोर है। 45 से ज्यादा उम्र के शहर में लगभग सभी लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। इसके लिए मतदान केंद्रवार टीकाकरण, वन प्लस वन स्कीम लेकर आए ताकि लोग वैक्सीन लगवाने केंद्र तक पहुंचें। वन प्लस वन स्कीम को लोगों ने पसंद किया। युवा घर के बुजुर्गों को टीका लगवाने लाए। यह सफल रहा। भास्कर

दे. भास्कर 17/8/21

वैक्सीनेशन... ऐसे जीते

# युवा 45+ वालों को लाए आज इस वर्ग में 99% टीके लगे

## कलेक्टर की स्कीम से सबसे ज्यादा फायदा 45+ आयु वर्ग को हुआ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दूसरी लहर के बाद जिले में वैक्सीनेशन की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का पूरा फोकस जिले को 100% वैक्सीनेटेड करने का है ताकि अब कोई लहर किसी की जान ना ले सके। लोगों को वैक्सीनेट करने के लिए नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं।

45+ के लोगों को कोरोना का सबसे ज्यादा खतरा रहता है, बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे लोग बाकी थे जो वैक्सीन लगवाने से कतरा रहे थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के एक आइडिया ने इस तस्वीर को बदल दिया। युवाओं में वैक्सीनेशन का सबसे ज्यादा उत्साह था, लेकिन उन्हें टीका लगवाने का मौका नहीं मिल रहा था। कलेक्टर ने इस परेशानी को अवसर में बदल दिया। एक स्कीम लॉन्च की जिसमें युवाओं को ऑफर दिया कि यदि वे अपने साथ किसी भी 45 प्लस के व्यक्ति को वैक्सीन लगवाने के लिए लेकर आते हैं तो उनका वैक्सीनेशन भी बिना स्लॉट बुकिंग के कर दिया जाएगा। यह स्कीम लोगों को खूब पसंद आई। केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग अपने परिचितों को पकड़ पकड़ कर टीका लगवाने के लिए लेकर आए। नतीजा यह रहा कि रतलाम शहर में 45 प्लस के 99% लोग वैक्सीनेटेड हो चुके हैं।

**अब मतदान केंद्र वार टीकाकरण पर जोर :** टीकाकरण में लगातार बढ़ती भीड़ व परेशानी देख कलेक्टर ने फैसला लिया कि मतदान केंद्र पर जिस तरह वोट देते हैं उसी तरह टीकाकरण भी किया जाए। यह आइडिया भी काम कर गया। केंद्रों पर भीड़ कम हो गई, साथ ही स्थिति भी स्पष्ट होती गई कि किस मतदान केंद्र पर कितने टीके लग रहे हैं। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

### कहां-कितना टीकाकरण

| | |
|---|---|
| हेल्थकेयर | 100% |
| फ्रंट लाइन | 100% |
| 18+ | 79.29% |
| 45+ | 98.41% |
| 60+ | 80% |

दै. भास्कर 17/8/21

# स्वतंत्रता दिवस : पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रभारी मंत्री ने ली परेड की सलामी



पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस पर परेड की सलामी लेते हुए प्रभारी मंत्री।

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

शहर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहर के चौराहे-चौराहे पर ध्वजारोहण हुआ। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ। यहां नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड में हर्ष फायर किया गया, इसके बाद मार्च पास्ट हुआ। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना,, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। संचालन आशीष दशोत्तर व डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया। जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजमल चौरड़िया के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया।

**कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किया ध्वजारोहण :** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गेहलोत सहित अन्य मौजूद थे। जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह ने ध्वजारोहण किया। आरडीए कार्यालय में एडीएम जमुना भिड़े ने ध्वजारोहण किया। डीआरएम ऑफिस में स्वतंत्रता दिवस मनाया। डीआरएम विनीत गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।

## उत्कृष्ट काम के लिए मिला पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। जनपद पंचायत जावरा को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019-20 में किए गए मूल्यांकन के आधार पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया गया। कोविड काल में उत्कृष्ट काम करने पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, खैरुन्निसा खान, शशिकांत, मंगला ठाकुर सहित अन्य सम्मानित हुए। परेड का प्रथम पुरस्कार एसएफ 24वीं वाहिनी के प्लाटून कमांडर सुनील बास्कले को दिया।

भास्कर

दै. भास्कर 17/8/21

# बुजुर्ग एवं असमर्थ शहरवासी को वैक्सीनेशन टीम घर पहुंच कर टीका लगाएगी

रतलाम। रतलाम शहर में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं किसी भी कारण से असहाय व्यक्ति जो व्यक्ति वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंच पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए प्रशासन ने घर पहुंच कर प्रथम डोज लगाने की व्यवस्था की है । रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि ऐसे व्यक्ति अपना नाम, पिता का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर, वार्ड क्रमांक, निवास का पता एवं वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं पहुंच पाने का कारण 1075 कॉल कर दर्ज करवा सकते हैं। ऐसे बुजुर्ग एवं असहाय व्यक्तियों को वैक्सीनेशन टीम घर पहुंच कर कोरोना वैक्सीनेशन का पहला डोज लगाएगी। श्री गहलोत ने बताया कि शहर में वैक्सीनेशन कार्य निरंतर प्रगति पर है, परंतु अब तक शारीरिक असमर्थता, वृद्धावस्था अथवा अन्य किसी कारण से जो व्यक्ति अब तक वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं पहुंच पाए हैं और जिन्होंने पहला डोज नहीं लगवाया है, उनके लिए यह पहल की जा रही है। ऐसे व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त होने के बाद वैक्सीनेशन टीम रूटवार इन व्यक्तियों को घर पहुंच कर टीका लगाने का कार्य करेगी।

नवभारत 17/8/21

# नौकरी दिलाने वाले साबित हुए नए कलेक्टर... 3 महीने में रोजगार मेले लगाकर 1022 लोगों को दि




भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन, कोरोना कर्फ्यू के बाद बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। हमारे शहर के नए कलेक्टर नौकरी वाले साबित हुए हैं। अब उनका पूरा फोकस ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी दिलवाना है। सिर्फ बात ही नहीं... कलेक्टर इस पर अमल करके खुद को साबित भी कर चुके हैं। 3 महीने में जिले में अलग-अलग जगहों पर रोजगार मेले लगाए गए हैं। इनमें 1022 लोगों को नौकरी दिलवा दी है, जो बड़ी उपलब्धि साबित हो रही है। यह सिलसिला अभी थमा नहीं है ऐसा इसलिए क्योंकि अब आईटी सेक्टर में नौकरियां देने की तैयारी है। इसके लिए कंपनियों से बात चल रही है।



सबसे बड़ा रोजगार मेला हाल ही में 12 अगस्त को लगा था। से ज्यादा जिलों के 5 नई दिशा मिली, वह सुरक्षित

भास्कर

दै. भास्कर 17/8/21

**राहत** • एक महीने में 5.75 मीटर बढ़ गया डेम का जलस्तर, पिछले साल से 4.2 मीटर पानी ज्यादा


# धोलावड़ डेम का जलस्तर 390 मीटर के पार पहुंचा, अगले साल जलापूर्ति के लिए यह पर्याप्त

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खुश हो जाइए... क्योंकि अब पानी की चिंता दूर हो गई है। यानी छिटपुट बारिश में ही हमारे धोलावड़ डेम का जलस्तर 390 के पार पहुंच गया है। यह हमारे शहर में अगले साल की जलापूर्ति के लिए पर्याप्त है। अभी सावन का महीना चल रहा है, भादौ बाकी है, ऐसे में डेम के जल्द ही लबालब होने के आसार हैं। मौसम् वैज्ञानिक भी इस बात से सहमत है क्योंकि अभी भी बारिश की संभावना बनी हुई है, दो से तीन दिन में ही बारिश का अगला दौर आ सकता है।

इस साल धोलावड़ डेम ने हमें डराया था, जुलाई महीने की शुरुआत में डेम का जलस्तर 11 साल में सबसे कम था। ऐसा मानसून की खेंच के कारण हुआ था। लेकिन जुलाई के आखिरी दिनों से बारिश का दौर शुरू हुआ। हालांकि बहुत ज्यादा तेज बारिश नहीं हुई लेकिन फिर भी डेम का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। 15 जुलाई को डेम का जलस्तर 384.65 मीटर था, जो अब 390.20 मीटर पर आ गया है।

## लबालब होने में अब सिर्फ 4.8 मीटर पानी की जरूरत



इधर लबालब होने में अब सिर्फ 4.8 मीटर पानी की जरूरत है। डेम 395 मीटर पर फुल हो जाता है। हालांकि 15 अगस्त के बाद ही डेम के गेट खुलने की नौबत बनती है। पिछले साल डेम का जलस्तर 386 मीटर ही था। जो अभी के मुकाबले 4.2 मीटर कम है। फोटो - शिवम लखेरा (रावटी)

**बारिश का कोटा सालभर का, अब तक 64.34% पानी बरस गया :** जिले में सालभर में 918.3 मिमी बारिश होती है। इस साल अब तक सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सामान्य बारिश अब तक 577.2 मीटर है, वहीं जिले में 590.9 मीटर पानी बरस गया है। धोलावड़ डेम मुख्यतः शहर में बरसने वाले पानी से भराता है, शहर में 510.0 मीटर पानी बरस चुका है। जो पिछले साल से 60 मीटर ज्यादा है। भास्कर

### धोलावड़ डेम में कब कितना बढ़ा जलस्तर

| दिनांक | जलस्तर |
|---|---|
| 15 जुलाई | 384.65 |
| 17 जुलाई | 384.75 |
| 30 जुलाई | 388.80 |
| 2 अगस्त | 389.10 |
| 4 अगस्त | 389.40 |
| 9 अगस्त | 389.95 |
| 14 अगस्त | 390.15 |
| 16 अगस्त | 390.20 |

### 5 साल से ऐसा है जलस्तर

| | |
|---|---|
| 16 अगस्त 2021 | 390.20 |
| 16 अगस्त 2020 | 386.00 |
| 16 अगस्त 2019 | 394.20 |
| 16 अगस्त 2018 | 390.60 |
| 16 अगस्त 2017 | 393.10 |

दै. भास्कर 17/8/21

# शान से लहराया तिरंगा

## मुख्य समारोह स्थल पर जिला प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



स्वतंत्रता दिवस समारोह रतलाम में देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा.राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईडा, श्रीमती संगीता चारेल, के.के. सिंह कालूखेडा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया, इसके पश्चात मार्च पास्ट हुआ। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।

### आकर्षक परेड हुई

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक खिलावनसिंह कवर के नेतृत्व में आकर्षक परेड हुई इसमें सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखीलाल परमार, एसएएफ 24वीं कंपनी, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस महिला बल एवं जिला होमगार्ड बल के प्लाटून शामिल रहे।



### श्रेष्ठ परेड के लिए भी पुरस्कार प्रदान किए गए

स्वतंत्रता दिवस समारोह में निकली परेड के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए परेड का प्रथम पुरस्कार एसएफ 24 वी वाहिनी एक कंपनी रतलाम के प्लाटून कमांडर श्री सुनील वास्कले को, द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड बल रतलाम के प्लाटून कमांडर श्री बद्री मंडलोई को तथा तृतीय पुरस्कार जिला पुलिस महिला पर रतलाम की उप निरीक्षक सुश्री निशा चौबे को दिया गया। प्रसारण

प्रसारण 17/8/21

# स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया



रतलाम। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजमल चौरसिया के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा. राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी उपस्थित थे। अधिकारियो द्वारा विभिन्न लोकतंत्र सेनानियों के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया।

प्रसारण 17/8/21

**बेहतर प्लानिंग का नतीजा** • कान्टेक्ट ट्रेसिंग, माइक्रो कंटेनमेंट के साथ मास्क की अब तक सख्ती का रहा असर

# जब कलेक्टर आए थे तब प्रदेश के टॉप-5 शहरों में था रतलाम, राहत : 65 दिन से एक भी मौत नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बेहतर प्लानिंग... नए आइडिया से किस तरह हालात बदल सकते हैं, इसका सीधा उदाहरण हमारे शहर में दिखा है। 8 मई को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम रतलाम आए थे। जब वे आए थे तब हम प्रदेश के टॉप-5 शहरों में शामिल थे, छोटे शहरों में तो कोरोना संक्रमण के मामले में रतलाम प्रदेश में नंबर-1 पर काबिज था। कलेक्टर के कमान संभालने के बाद धीरे-धीरे केस कम होने लगे, आज रतलाम में संक्रमित मरीजों को ढूंढना पड़ रहा है। जिले में 65 दिन से कोई मौत भी नहीं हुई है।

हमारा शहर 1 अप्रैल को मौत के मामले में प्रदेश में 9वें नंबर पर था, प्रशासन संक्रमण को कंट्रोल नहीं कर पा रहा था। नतीजा यह रहा कि मौत के मामले में रतलाम प्रदेश के टॉप 5 शहरों में शामिल हो गया। शहर में रोज 4 से 5 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो रही थी जिसने सभी को झकझोर दिया। जिले में सिर्फ अप्रैल के महीने में 102 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गवां चुके थे। इधर मई में संक्रमण भी बेकाबू हो गया, 8 मई को तो 24 घंटे में ही 398 पॉजिटिव सामने आ गए, जो अब तक का रिकॉर्ड है। इसी के अगले दिन शहर के कलेक्टर भी बदले। कुमार पुरुषोत्तम ने कमान संभाली व संक्रमण घटने लगा।

## सबसे सुखद स्थिति : रतलाम जिले में एक्टिव केस भी अब नगण्य

**कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर... नाकों पर भी हो रहे सैंपल-** जिले में अब कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर जोर है। कलेक्टर ने हिदायत दी है कि एक व्यक्ति के कम से कम 20 कान्टेक्ट ट्रेस होना चाहिए ताकि संक्रमण को वहीं रोक सकें। इसी के साथ शहर में प्रवेश करने वालों के भी रेंडम सैंपल हो रहे हैं ताकि संक्रमण की स्थिति का पता चल सके।



रतलाम मेडिकल कॉलेज में अब सामान्य ओपीडी भी इस साल शुरू होने को है।

**कंटेनमेंट पर रहा विशेष फोकस, सख्ती के लिए अलग-अलग टीमें बनाईं-** कलेक्टर का पूरा जोर कंटेनमेंट पर था। उनका मानना था कि मरीज और परिवार यदि बाहर नहीं जाएंगे तो संक्रमण अपने आप खत्म होगा। कलेक्टर ने माइक्रो कंटेनमेंट बनवाना शुरू किए। इसका विरोध भी हुआ... लेकिन कुछ दिन में नतीजे सामने आने लगे। संक्रमित का आंकड़ा तेजी से कम हो रहा था। यह व्यवस्था अब भी जारी है।

**मरीज को तत्काल इलाज मिले, मेडिकल कॉलेज के ट्राएज की व्यवस्था सुधारी** इधर, कलेक्टर का फोकस था कि मरीज को तत्काल इलाज मिले। इसके लिए ट्राएज की व्यवस्था को सुधारा गया। यानी यदि कोई भी मरीज पहुंचता है तो वह मेडिकल कॉलेज से बिना इलाज के ना लौटे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता से लगातार मीटिंग होती रही। ट्राएज में बेड बढ़ाए गए। कुछ दिन में व्यवस्था भी सुधरी।

**जगह-जगह तैयार किए कोविड सेंटर -** कोरोना में ग्रामीण मरीज बड़ी संख्या में पॉजिटिव आ रहे थे। गांव से मरीज को शहर आना पड़ रहा था, इससे उन्हें भी परेशानी हो रही थी। मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था भी बिगड़ी थी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तेजी से ऐसा इंतजाम किया कि मरीज को अपने गांव के पास ही इलाज मिले। इसके लिए कोविड केयर सेंटर तैयार किए। यह तरीका इलाज के लिहाज से सबसे सफल रहा।

**अब संक्रमण पूरी तरह काबू में**

- जिले में अब संक्रमण काबू में है, अगस्त में 5 से ज्यादा बार 0 एक्टिव केस रहे हैं।
- जिले में अब ज्यादातर 0 पॉजिटिव ही मिल रहे हैं।
- 61 दिन से शहर में एक भी मौत नहीं हुई है, जोकि बड़ी जीत है।
- जिले में अभी रोज 1 हजार से ज्यादा सैंपल हो रहे हैं। पहले भी इतने ही सैंपल हो रहे थे।
- जिले में डेल्टा प्लस का कोई मरीज नहीं

भास्कर

दै. भास्कर 17/8/21

# ाने वाले साबित हुए नए कलेक्टर... 3 महीने में रोजगार मेले लगाकर 1022 लोगों को दिलवा दी नौकरी



भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन, कोरोना कर्फ्यू के बाद बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। हमारे शहर के नए कलेक्टर नौकरी वाले साबित हुए हैं। अब उनका पूरा फोकस ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी दिलवाना है। सिर्फ बात ही नहीं... कलेक्टर इस पर अमल करके खुद को साबित भी कर चुके हैं। 3 महीने में जिले में अलग-अलग जगहों पर रोजगार मेले लगाए गए हैं। इनमें 1022 लोगों को नौकरी दिलवा दी है, जो बड़ी उपलब्धि साबित हो रही है। यह सिलसिला अभी थमा नहीं है ऐसा इसलिए क्योंकि अब आईटी सेक्टर में नौकरियां देने की तैयारी है। इसके लिए कंपनियों से बात चल रही है।




सबसे बड़ा रोजगार मेला हाल ही में 12 अगस्त को लगा था। इसमें रतलाम, मंदसौर सहित प्रदेश के 12 से ज्यादा जिलों के 537 युवाओं को नौकरी के रूप में कॅरियर की नई दिशा मिली, वह भी अच्छी कंपनियों में ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रहे। श्री योगींद्र सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस कॉलेज कैंपस में लगे मेगा जॉब फेयर में 30 कंपनियां शामिल हुई थीं। फेयर पूरी तरह कैंपस प्लेसमेंट की तरह ही था। युवाओं ने अपनी पसंदीदा कंपनी को नौकरी करने के लिए चुना। इधर, अब आईटी सेक्टर को लेकर शहर में जल्द ही जॉब फेयर लगने वाला है। इसके लिए कंपनियों की लिस्टिंग होना शुरू हो गई है। संभवतः सितंबर के महीने में यह जॉब फेयर लगेगा। अब तक जून महीने में 240 लोगों को रोजगार मिला है, वहीं जुलाई में 245 और अगस्त में 537 लोगों को रोजगार मिल गया है।

भास्कर

दै. भास्कर 17/8/21

# जिले में ऐसे हारा कोरोना... हर रोज अस्पतालों का निरीक्षण कर बेहतर की स्वास्थ्य सुविधाएं



**रतलाम** | जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के लिए दिन-रात मेहनत की है। कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित पूरे प्रशासनिक अमले ने मेडिकल कॉलेज, सरकारी अस्पताल, कोविड सेंटरों का निरीक्षण किया। जोकि भी कमियां सामने आई, उन्हें तत्काल दूर किया। मेडिकल कॉलेज पहुंचे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम।

दै. भास्कर 17/8/21

पत्रिका।

# जमकर मना आजादी का जश्न, मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री के किया ध्वजारोहण



**रतलाम.** स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड ने हर्ष फायर किया गया, इसके बाद मार्च पास्ट हुआ। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।



पत्रिका 17/8/21

तीसरी लहर... हम तैयार

# स्वास्थ्य केंद्र में 5-5 बेड करवा दिए ताकि अब ग्रामीणों को वहीं मिल सकें बेहतर इलाज

**रतलाम** | कोरोना की दूसरी लहर के बाद अब जिला प्रशासन तीसरी लहर के इंतजाम में जुट गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम 2 से 3 दिन में मीटिंग ले रहे हैं। रतलाम शहर तो तीसरी लहर के लिए तैयार हो चुका है। स्वास्थ्य केंद्रों को इसी महीने अपडेट करने के लिए कलेक्टर ने अल्टीमेटम दे दिया है। रतलाम के मेडिकल कॉलेज में 550 बेड कोरोना मरीजों के लिए पहले से रिजर्व हैं। जिला अस्पताल, निजी अस्पताल को मिलाकर रतलाम में 1 हजार से ज्यादा बेड हैं। ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में खुद का ऑक्सीजन प्लांट भी तैयार हो चुका है। अन्य उपकरणों की खरीदी जारी है।

## कोरोना से मुकाबले के लिए ये इंतजाम अब तक जुटाए

**मेडिकल कॉलेज** • यह हमारे शहर का कोविड हॉस्पिटल है। इसे अपडेट करने को लेकर कलेक्टर का विशेष फोकस है। अभी अस्पताल खाली है लेकिन संभावित तीसरी लहर को देखते हुए, बेड सहित अन्य इंतजाम बढ़ाने की कवायद हो रही है। कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट लग चुका है। सोनोग्राफी, एक्स-रे के इंतजाम भी हैं। कॉलेज के अनुभवी डॉक्टर इस लड़ाई में अहम है। अभी 550 बेड तैयार हैं।

**जिला अस्पताल** • जिला अस्पताल में भी कोविड का इलाज शुरू हो चुका है। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लग गया है। अब तक कोविड आईसीयू में सिलेंडर से सप्लाई हो रहा था, अब लाइन से ऑक्सीजन मिलेगी। इसका फायदा यह होगा कि मरीजों को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सकेगी वहीं बार-बार सिलेंडर खत्म होने की झंझट से भी छुटकारा मिलेगा। अस्पताल में एक्स-रे, सोनोग्राफी सहित अन्य इंतजाम भी हैं।

**बाल चिकित्सालय** • बाल चिकित्सालय का नए सिरे से रिनोवेशन किया जा रहा है। इसे 75 बेड का चिल्ड्रन कोविड केयर सेंटर बनाया जाएगा। बाल चिकित्सालय का रिनोवेशन भी शुरू हो गया है। इसमें करीब 50 लाख रुपए का खर्च हो रहा है। अधिकारी लगातार बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन के काम पर नजर रख रहे हैं। अभी 30 बेड का पीआईसीयू तैयार हो चुका है जिसमें खिलौने, गेम्स भी रखे गए हैं।

## तीसरी लहर में कोई चूक ना हो कलेक्टर

मेडिकल कॉलेज और ऑक्सीजन लाइन का काम पूरा हो चुका है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का कहना है कि तीसरी लहर में कोई भी चूक ना हो। इसका हमें विशेष तौर पर ध्यान रखना होगा। डॉक्टरों की कमी सबसे बड़ी चुनौती है, इसके लिए सभी डॉक्टरों को तैयार किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज को ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है। निजी अस्पताल के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

दै.भास्कर 17/8/21

# आठ दिन में डेंगू के छह मरीज मिले

रतलाम। जिले में लगातार मिल रहे डेंगू के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मलेरिया विभाग चार अगस्त से शहर में फीवर सर्वे करा रहा है। आठ कार्यदिवस में विभिन्न वार्डों में सर्वे में 58 सामान्य बुखार के मरीज मिले। इन सभी में मलेरिया और डेंगू की जांच कराई गई तो छह में डेंगू निकला। चार अगस्त से 14 अगस्त तक सर्वे होना था, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल के कारण सर्वे बाधित हुआ। अब सर्वे को दस दिन तक लिए बढ़ा दिया गया है और रेड जोन वाले क्षेत्रों में लगातार जारी रहेगा। आठ दिन में 11105 घरों का सर्वे किया गया। इस दौरान 797 घरों में लार्वा मिला जिसे नष्ट कराया गया और होम्यापैथी दवा का वितरण किया। इस साल जिले में अब तक 120 डेंगू के मरीज मिले हैं, जिसमें शहर के 81 व शेष ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। इनके अलावा चालीस संदिग्ध मरीज हैं, जिनकी किट जांच में रिपोर्ट पाजिटिव आई है और निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा.प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सर्वे कराने का लाभ मिल रहा है और कोई मरीज अब छूटने नहीं पाएगा।

नईदुनिया 17/8/21

# बुजुर्गों व असमर्थों को घर पहुंचकर वैक्सीन लगाएगी टीम

रतलाम। शहर में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग व किसी भी कारण से



वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचने में असमर्थ व्यक्ति को घर पर ही वैक्सीन लगाने की व्यवस्था प्रशासन ने की है।

रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि ऐसे व्यक्ति अपना नाम, पिता का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर, वार्ड क्रमांक, निवास का पता एवं वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं पहुंच पाने का कारण 1075 काल कर दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद वैक्सीनेशन टीम घर पहुंच कर पहला डोज लगाएगी। नईदुनिया

नईदुनिया 17/8/21

# 80 प्लस व असहायों को अब घर पहुंचकर लगाएंगे टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अब शहर में बुजुर्गों की वैक्सीनेशन व्यवस्था में बदलाव हुआ है। 80 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और असहाय लोगों को वैक्सीनेशन की घर पहुंच सुविधा दी जा रही है। 1075 पर फोन लगाना होगा।

रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया ऐसे व्यक्ति अपना नाम, पिता का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर, वार्ड, निवास का पता व वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं पहुंच पाने का कारण 1075 पर कॉल कर लिखवा दें। ऐसे बुजुर्ग व असहाय लोगों को वैक्सीनेशन टीम घर पहुंच कर कोरोना वैक्सीनेशन का पहला डोज लगाएगी। गेहलोत ने बताया शहर में वैक्सीनेशन का काम निरंतर जारी है लेकिन अब तक शारीरिक असमर्थता, वृद्धावस्था या अन्य किसी कारण से जो लोग वैक्सीनेशन सेंटर तक नहीं पहुंच पाए हैं जिन्होंने पहला डोज नहीं लगवाया है, उनके लिए पहल की जा रही है।

## आज गर्भवती महिलाओं का होगा वैक्सीनेशन

शहर में मंगलवार को गर्भवती का वैक्सीनेशन होगा। महिलाओं और धात्री माताओं को टीके लगाए जाएंगे। एमसीएच अस्पताल, सिविल अस्पताल जावरा, सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारवाकलां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में वैक्सीनेशन होगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि टीकाकरण गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय लगवाया जा सकता है। सीधे ऑनस्पॉट बुकिंग कर टीकाकरण किया जाएगा।

वैक्सीनेशन टीम रूटवार इन लोगों के घर पहुंच कर टीका लगाने का काम करेगी।

दै. भास्कर 17/8/21

किल कोरोना सर्वे भी जारी

# आयुष्मान कार्ड बना रहे ताकि इलाज में ना हो परेशानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का फोकस ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने पर है। ऐसा इसलिए ताकि जरूरत होने पर किसी को भी परेशान ना होना पड़े। हर सप्ताह इसके लिए अलग-अलग मीटिंग हो रही है।

जिले में पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बन जाएं, इसके लिए कलेक्टर ने राशन की दुकानों पर भी आयुष्मान कार्ड बनाने का इंतजाम कर दिया। इसी महीने शुरू हुई इस नई पहल का असर यह रहा की 5,000 से ज्यादा आयुष्मान कार्ड राशन दुकानों पर बन गए। राशन दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम निरंतर जारी है। जिले के पिपलौदा में अब तक 90% से ज्यादा पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। रतलाम शहर में कलेक्टर ने अधिकारियों को रोज एक हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दे रखा है। भास्कर

दै. भास्कर 17/8/21

# देशभक्ति की भावना से मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

रतलाम। स्वतंत्रता दिवस समारोह रतलाम में देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं

## ▸ जिला प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

**जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।**


इस अवसर पर विधायक रतलाम शहर श्री चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा.राजेन्द्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईडा, संगीता चारेल, के.के. सिंह कालूखेडा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। प्रभारी मंत्री ने गुब्बारे छोड़कर देश की सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। पुलिस परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया, इसके पश्चात मार्च पास्ट हुआ। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक खिलावनसिंह



कवर के नेतृत्व में आकर्षक परेड हुई इसमें सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखीलाल परमार, एसएएफ 24वीं कंपनी, ज़िला पुलिस बल, जिला पुलिस महिला बल एवं जिला होमगार्ड बल के प्लाटून शामिल रहे।

## श्रेष्ठ परेड के लिए भी पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह में निकली परेड के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए परेड का प्रथम पुरस्कार एसएफ 24 वी वाहिनी एक कंपनी रतलाम के प्लाटून कमांडर सुनील वास्कले को, द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड बल रतलाम के प्लाटून कमांडर बद्री मंडलोई को तथा तृतीय पुरस्कार जिला पुलिस महिला पर रतलाम की उप निरीक्षक निशा चौबे को दिया गया।




## उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम जनपद पंचायत जावरा को भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019-20 में किए गए मूल्यांकन के आधार पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया गया। सीईओ जनपद पंचायत श्री आरबीएस दंडोतिया ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कोविड काल में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, खैरुन्निसा खान, शशिकांत, मंगला ठाकुर, ललिता कारपेंटर, विनोद गहलोत, प्रशांत जोशी, अनवर बानो कुरेशी, दीपा उज्जवल, अनिल राठौर, नवजोतसिंह कुशवाह, वर्षा मसीह, सीमा शेखावत, राकेश सोलंकी, चंदा भाटिया, मुकेश कुमार देवड़ा एवं वीना पाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

नवभारत

नवभारत 17/8/21

# निगम आयुक्त ने ध्वजारोहण किया



रतलाम. निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सुबह 7:30 बजे निगम भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री अरविन्द दशोत्तर, बीएल चौधरी, ब्रजेश कुशवाह, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्रिका 17/8/21